Source: - अमर उजाला
Date:- 09 दिसंबर 2018
Page:- 09

तस्करी का 66 किलो सोना जब्त, चार दबोचे

डीआरआई ने लखनऊ और कोलकाता में की छापेमारी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। राजस्व अभिसूचना निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए लखनऊ व कोलकाता में तस्करी का 66 किलो सोना जब्त किया है। सोना एक-एक किलो के बिस्किट के रूप में था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सोने की कीमत करीब 21 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। डीआरआई ने चार तस्करों को दबोचा है। इनमें से लखनऊ से गैंग के सरगना समेत दो तस्कर दबोचे गए। दोनों जगहों से 33-33 किलो सोना जब्त किया गया।

कार सवार तस्कर भूटान से 33 किलो सोना लेकर भारत में सिलीगुड़ी और लखनऊ के रास्ते आगरा जा रहे थे। डीआरआई टीम ने छह दिसंबर को इंदिरा नहर पर रात 8 बजे सफेद रंग की कार से दो तस्करों को दबोचा। इनमें एक नेपाल का तो दूसरा प.बंगाल के सिलीगुड़ी का निवासी था। तलाशी के दौरान 33 किलो सोना कार की अगली सीट के नीचे खाली जगह में लॉकर में मिला। इन पर विदेशी मुहर लगी थी। दोनों तस्करों को जेल भेज दिया गया। इनमें एक गैंग का लीडर भी है।

भूटान से लखनऊ के रास्ते ले जा रहे थे आगरा, पकड़े तस्कर नेपाल और सिलीगुड़ी के

कोलकाता में सोने संग नकदी भी पकड़ी

लखनऊ में गिरफ्तार तस्करों की सूचना पर डीआरआई टीम ने 7 दिसंबर को कोलकाता में दो कार से 33 किलो सोना व 3.5 लाख कैश पकड़ा। दो तस्कर गिरफ्तार किए गए।

Scanned by CamScanner

Source: - Hindustan Times
Date:- 09.12.2018
Page:- 10

66kg of gold worth ₹21 crore seized, four men arrested

NEW DELHI: The directorate of revenue intelligence arrested four men and seized 66 kg of smuggled gold valued at about to ₹21 crore, in different incidents on Thursday and Friday. The seizure was made following multiple raids at Lucknow, Kolkata and two places in Siliguri. Officers said, in two raids, the gold was found concealed under a specially made cavity near the driver's seat and behind dash board in two cars.

Scanned by CamScanner